भविष्य

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

पेंशन मामलों के निपटारे में देरी और लिपिकीय त्रुटियों की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ पेंशनभोगियों को वित्तीय नुकसान एवं उत्पीड़न से बचाने के क्रम में DOPPW ने केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/ विभागों के लिये **'भविष्य'** नामक एक अद्वितीय अभिनव केंद्रीकृत **पेंशन प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर** पेश किया है।

- "भविष्य" **सभी केंद्रीय मंत्रालयों के लिये अनिवार्य हो गया है** और वर्तमान में 99 मंत्रालय/विभाग इसमें शामिल हैं।
  - भविष्य को **नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विस डिलीवरी असेसमेंट(NeSDA), 2021** में तीसरा सर्वश्रेष्ठ स्थान प्रदान किया गया है।
- **भविष्य की सर्वोत्तम प्रथाएँ:**
  - **मूल डेटा के साथ सेवानिवृत्त लोगों का स्वचालित पंजीकरण,** हितधारकों के लिये स्व-पंजीकरण और सेवानिवृत्ति लाभों की स्वतः गणना जैसी सुविधाएँ प्रदान करना।
  - **इसके तहत पेंशन हेतु कठोर समयसीमा** लागू की गई है। पेंशन प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ इस प्रणाली के माध्यम से देरी के बिंदुओं की पहचान करने एवं ज़िम्मेदारी तय करने में काफी आसानी हो जाती है।
  - यह ईमेल/SMS अलर्ट के माध्यम से रियल टाइम अपडेट प्रदान करता है; इलेक्ट्रॉनिक PPO हेतु यह**सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली (PFMS)** के साथ एकीकृत है, जिससे प्रक्रिया कागज रहित हो जाती है।
  - यह सेवानिवृत्ति के बाद की सेवाओं के लिये बैंकों के साथ एकीकृत है; भविष्य स्वचालित रूप से**ePPO को सेवानिवृत्त व्यक्ति** के **डिजिलॉकर** खाते में भेज देता है ताकि भविष्य में लॉग इन किये बिना इसे कहीं भी/कभी भी एक्सेस किया जा सके।
  - भविष्य के माध्यम से **पेंशनभोगियों के पहचान पत्र जारी करने की सुविधा मिलती है।**

और पढ़ें: डिजीलॉकर के साथ e-PPO का एकीकरण, पूर्ववर्ती पेंशन योजना, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और अटल पेंशन योजना, पेंशन प्रशासन रक्षा प्रणाली (SPARSH)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bhavishya